मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया निर्णय जुलाई माह में शुरू होंगी विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं

District : dipr
Department :
VIP Person : c m
Press Release
State News
Attached Document :

J-2-06-2020-3.docx (http://103.203.138.54/news/207143/document/J-2-06-2020-3.docx)

DESCRIPTION

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया निर्णय
जुलाई माह में शुरू होंगी विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं

जयपुर, 2 जून। राज्य सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण कुछ समय के लिए स्थगित की गई राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों, उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों, टेक्नीकल यूनिवर्सिटिज और पॉलिटेक्नीक कॉलेजों की परीक्षाएं जुलाई के दूसरे सप्ताह में शुरू कराने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इसके लिए उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। सम्बन्धित विश्वविद्यालय और तकनीकी विश्वविद्यालय इन परीक्षाओं की तिथियों का विस्तृत कार्यक्रम जारी करेंगे।

श्री गहलोत की अध्यक्षता में मंगलवार को उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री निवास पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष की परीक्षाएं सबसे पहले कराई जाएं तथा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को प्रोविजनल रूप से अगले वर्ष में क्रमोन्नत कर दिया जाए। बाद में परिस्थितियां अनुकूल होने पर स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष की परीक्षाएं भी कराई जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भी बीटेक, एमटेक और एमबीए पाठ्यक्रमों तथा पॉलिटेक्नीक पाठ्यक्रमों के लिए भी अन्तिम वर्ष की परीक्षाएं जुलाई माह में शुरू कराई जाएं। इन सभी पाठ्यक्रमों के पूर्ववर्ती वषोर्ं के विद्यार्थियों को प्रोविजनल रूप से अगले वर्ष में क्रमोन्नत कर बाद में कोविड-19 महामारी के संदर्भ में परिस्थितियां अनुकूल होने पर इन पाठ्यक्रमों के पूर्ववर्ती वर्षों की परीक्षाएं कराई जाएं।

श्री गहलोत ने अधिकारियों को परीक्षाओं के दौरान कोरोना महामारी के संदर्भ में जारी हैल्थ प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों और अध्यापकों द्वारा मास्क तथा सैनिटाइजर के उपयोग की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, विद्यार्थियों के परीक्षा केन्द्र पर आवागमन और परीक्षा के दौरान सोशल डिस्टेन्सिंग के नियम की भी सख्ती से पालना हो। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार परीक्षा केन्द्रों की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया।

बैठक में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्री भंवर सिंह भाटी, तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता, शासन सचिव उच्च शिक्षा श्रीमती शुचि शर्मा, आयुक्त कॉलेज शिक्षा श्री प्रदीप बोरड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **3/6/2020**
You are visitor No.:

002058501